उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 24.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'साइबर जागरुकता' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 24.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना चरखारी एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।





## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह व उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त महेश्वरीदीन पुत्र स्व0 रामनारायण यादव उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना खन्ना जनपद महोबा हालपता ग्राम नहदौरा थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित परिवाद मु0नं0 141/25 कम्प्यूटर मु0नं0 601849/2002 धारा 147/148/323/506 भादवि0 थाना कबरई जनपद महोबा में मा0 न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) एफ0टी0सी0 महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

01. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह
02. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद

### गिरफ्तार अभियुक्त-

महेश्वरीदीन पुत्र स्व0 रामनारायण यादव उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना खन्ना जनपद महोबा हालपता ग्राम नहदौरा थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 24.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **अपर पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन।**
- **साइबर सेल कर्मियों व समस्त थाना प्रभारियों को किया गया प्रशिक्षित...**

शासन एवं पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार, साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने और उनकी प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 24.08.2025 को पुलिस लाइन महोबा के सभागार कक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, थानों पर गठित साइबर सेल के अधिकारी/कर्मचारी और साइबर क्राइम पुलिस थाना के कर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण Cytrain App के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न साइबर संबंधित पोर्टल्स के उपयोग, वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, और ऐसे अपराधों का अनावरण करने के विविध तरीके समझाए गए।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना और उन्हें आधुनिक तकनीकी अपराधों का प्रभावी ढंग से सामना करने हेतु सक्षम बनाना है। अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर जागरूकता और सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 24.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## क्षेत्राधिकारी चरखारी ने की अर्दली रूम बैठक,
## विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण व अपराध नियंत्रण को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश...

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आज दिनांक-24.08.2025 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड द्वारा सर्किल चरखारी अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों के साथ पेशी कार्यालय में अर्दली रूम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्किल चरखारी के समस्त विवेचकगण, हल्का प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी ने थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की तथा विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अकारण विवेचनाएं लंबित रखने वाले अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की हिदायत दी। साथ ही, निरोधात्मक कार्यवाही, जनशिकायती प्रार्थनापत्रों के त्वरित निस्तारण, NBW/BW निष्पादन, हिस्ट्रीशीटरों, सक्रिय एवं टॉप- 10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की समीक्षा की गई।

क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया कि थानाक्षेत्र अन्तर्गत रात्रि में प्रमुख चौराहों/तिराहों पर नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण किया जाए। इसके अतिरिक्त, अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनके क्रय-विक्रय में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसी क्रम में थानों के हेड मुहर्रिर और कोर्ट पैरोकारों द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन और ऑपरेशन क्लीन 2 के अंतर्गत कृत कार्यों को समीक्षा कर अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस बैठक में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह व थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती सुषमा चौधरी, सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।




